प्रेषक,

न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोंच,
जिला जालौन।

ANNEXURE G

सेवा में,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
जालौन स्थान उरई।

विषय— माननीय महोदय के आदेश दिनांक 21.03.2020 व 15.01.2021 के अनुपालन के सम्बन्ध में ।

महोदय,

ससम्मान विनम्र निवेदन है कि माननीय महोदय के आदेश दिनांकित 15.01.2021 के अनुपालन में मेरे द्वारा दिनांक 25.01.2021 को समय रात्रि 9.30 बजे वाह्य स्थित न्यायालय कोच के मुख्य गेट पर ताला लगाया गया तथा दिनांक 26.01.2021 को प्रातः 5.30 बजे गेट का ताला खोला गया।

इसके अतिरिक्त माननीय महोदय के आदेश दिनांकित 21.03.2020 के अनुपालन में मेरे द्वारा वाह्य स्थित न्यायालय, कोंच में समय लगभग [illegible].00 बजे रात्रि, रात्रिकालीन चौकीदार के कार्यप्रणाली के बावत आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पाया गया कि रात्रिकालीन चौकीदार एवं एक होमगार्ड गेट के सामने आग जलाये हुये ताप रहे थे और दोनों आपस में बातचीत कर रहे थे।

आख्या माननीय महोदय की सेवा में सादर प्रेषित।

सादर।

दिनांक 27.01.2021

भवदीय,

27/1/21

(पलाश गांगुली)
न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोंच,
जिला जालौन।